सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
# National Commission for Scheduled Tribes

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत एक संवैधानिक निकाय)
(A constitutional body under Article 338A of the Constitution of India)

## सिटिंग नोटिस

**फा. सं.: NCST/DEV-5043/CG/2/2025-RU-I**

**दिनांक: 13.07.2026**

**कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी,**
जिला-रायगढ़,
कलेक्टर परिसर,
रायगढ़, छत्तीसगढ़ 496001
ई-मेल: raigarh.cg@gov.in

**विषय: ग्राम-अजीतगढ़, तहसील-घरघोड़ा, जिला-रायगढ़, छत्तीसगढ़ में खसरा सं. 74 से 190 तक कुल रकबा 124.689 हेक्टेयर भूमि पर आदिवासी भू-स्वामियों को बेदखल किए जाने एवं भूमि रिकार्ड में बदलाव के विरुद्ध कार्रवाई हेतु श्री महेतर निषाद का दिनांक 22.03.2025 का अभ्यावेदन।**

**संदर्भ 1: आयोग के समसंख्यक पत्र दिनांक 16.06.2025 एवं 01.09.2025 (प्रति संलग्न).**

**महोदय/महोदया,**

चूंकि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एन.सी.एस.टी.) ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 क के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में उक्त उल्लेखित प्रकरण का अन्वेषण/जांच करने का निश्चय किया है। श्री अंतर सिंह आर्य, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने इस प्रकरण मे अन्वेषण/जांच/की जाने वाली कार्रवाई के लिए आयोग मुख्यालय, 6वां तल, न्यायालय कक्ष-I, लोकनायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली-110003 में **दिनांक 23.07.2026** को सिटिंग/सुनवाई निर्धारित की है।

2. तदनुसार, आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त निर्धारित तिथि पर उक्त प्रकरण से संबंधित संपूर्ण तथ्यों एवं सभी संगत मूल अभिलेखों/दस्तावेजों के साथ **व्यक्तिगत रूप से** माननीय अध्यक्ष महोदय के समक्ष परीक्षण के लिए अपनी उपस्थित सुनिश्चित करें।

**3. कृपया ध्यान रखें कि यदि आप सिटिंग/सुनवाई में उपस्थित नहीं होते/होती है तो आयोग के समक्ष आपकी उपस्थिति को बाध्यकारी बनाने के लिए, आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 क के खंड (8) क के अधीन प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र है।**

**(पूर्णेन्दु कान्त/Purnendu Kant)**
**निदेशक/Director**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ:-**

**श्री महेतर निषाद,**
ग्राम-अजीतगढ़,
तहसील-घरघोड़ा, जिला-रायगढ़,
छत्तीसगढ़
**कृपया उपरोक्त स्थान, समय एवं तिथि पर सुनवाई हेतु आयोग में आपकी/अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।**